हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार,13 जून 2024

तापमान

अधिकतम 45 .5 डिग्री
न्यूनतम 26 .8 डिग्री

12 ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से जलीं फ्रूट की 5 रेहड़ियां



12 समाधान शिविर में आई 36 शिकायतें, 31 का हुआ समाधान



## खबर संक्षेप

### सुरक्षित वाहन पालिसी की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला सडक सुरक्षा समिति, सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी तथा ब्लैक स्पाट के संदर्भ में जिलास्तरीय समन्वय समिति कुरुक्षेत्र की बैठक आयोजन 13 जून 2024 को दोपहर 1.30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शांतनु शर्मा करेंगे। यह जानकारी जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण अधिकारी राजीव प्रसाद ने दी है।

### जिला परिषद प्रधान का चुनाव 14 को

**पानीपत।** जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद प्रधान का चुनाव आगामी 14 जून को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में होगा। गौरतलब है कि यह चुनाव 7 जून को होना था लेकिन उपायुक्त एवं निर्धारित प्राधिकारी के मेडिकल अवकाश के कारण स्थगित कर दिया गया था। अब यह चुनाव 14 जून शुक्रवार को सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

### आइसक्रीम व्यापारी से नकदी लूटी

**पानीपत।** पानीपत की घेर अराइया में तीन बदमाशों ने आइक्रीम सप्लायर से नगदी लूट ली। इधर, सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में अक्शु गोयल निवासी वार्ड 11 ने बताया कि वह आइसक्रीम सप्लायर है। 11 जून की शाम विक्की बनारसी की बिल्डिंग के पास तीन युवक आए और उन्होंने उसे उठा लिया। उसका मुंह दबा कर सुनसान बिल्डिंग में ले गए। वहां पर दो लड़के पहले से खडे थे। इन सभी ने उसके साथ मारपीट की, चाकू दिखाया और उसकी जेब से 3680 रुपए छीन लिए।

### स्वास्थ्य कर्मी की पत्नी लापता

पानीपत। पानीपत की एक कॉलोनी से एक नवविवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। उसकी शादी कॉलोनी में रहने वाले एक स्वास्थ्यकर्मी से तीन महीने पहले ही हुई थी। महिला के पति और ससुराल वालों ने महिला की हर जगह तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। वहीं स्वास्थ्य कर्मी की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# मारकंडा नदी के तटबंध कई जगहों से कमजोर, सिंचाई विभाग हरकत में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

बुधवार को 46 डिग्री तापमान में सिचाई विभाग के अधिकारी मारकंडा नदी के तटबंधों को जांचने पहुंचे। अचानक तटबंधों को जांचे जाने का कारण ग्रामीणों द्वारा जोरशोर से नदी के कमजोर हुए तटबंधों का मुद्दा उठाए जाने था।

- पिछले साल नदी में मचाई थी दर्जनों गांवों में तबाही

बताना लाजमी है कि साल 2023 में मारकंडा नदी के तटबंध कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो गए थे। दर्जनों गांव पानी की चपेट में आ गए थे। किसानों की फसलें जलमग्न हो गई थी।ऐसी स्थिति पुनः पैदा न हो इस को लेकर समाज सेवा संघर्ष समिति मुलाना के सदस्यों ने मारकंडा नदी के साथ लगते तटबंधों की मुरम्मत व गांव मे बरसाती व गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करने बारे एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा । उसमें कहा गया कि बीते साल 2023 में बरसात अधिक मात्रा में होने के कारण मुलाना से होकर गुजरने वाली मारकंडा नदी में भारी जल स्तर आया । कई जगहों पर मारकंडा नदी के तटबंध टूटने के कारण पानी मुलाना समेत आस पास के सभी गावों में घुस गया था। इससे कई गांव में जान व माल का नुकसान भी हुआ था। हजारों एकड़ फसल पानी की वजह से तबाह हो गई थी। समिति पदाधिकारियों का कहना है कि अब कुछ दिनों बाद मानसून का सीजन शुरू होने को है। मारकंडा नदी के साथ मुलाना में जो तटबंध बने हुए हैं उनकी कईं जगह से उनकी मिट्टी खिसक गई है।

कई जगह पर मिट्टी का कटाव भी हुआ है। इसके कारण यहां मारकंडा नदी में पानी आने की स्थिति में भारी नुकसान पहुंच सकता है। समिति ने कहा कि नदी के तटबंध को जल्द से जल्द बरसात शुरू होने से पहले दुरुस्त किया जाना चाहए ताकि 2023 में आया बाढ़ का मंजर ग्रामीणों को दोबारा न देखना पड़े।





मौके का मुआयना करते सिचाई विभाग के अधिकारी व क्षतिग्रस्त तटबंध। फोटो : हरिभूमि

### समिति ने एसडीएम के सामने उठाया था मुद्दा

समिति ने एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि कई गांवों का पानी मुलाना से होकर गुजरता है। वह पहले भी इस समस्या बारे प्रशासन को अवगत करा चुके है परंतु बरसाती पानी व गंदे पानी की निकासी के लिए गांव मुलाना में अब तक कोई उचित प्रबंध नहीं हुआ है।समिति ने एसडीएम से मांग कि जल्द से जल्द बरसाती पानी की निकासी के लिए नाला बनाने व मारकंडा नदी के साथ लगे तट बंदों को दुरुस्त करने का कार्य कराया जाए जिसमें गांव मुलाना व इस के साथ लगते अन्य गांवों को जान व माल का नुकसान होने से बचाया जा सके ।

### अधिकारियों ने किया तटबंधों का दौरा

एसडीएम को ज्ञापन दिए जाने के बाद सिचाई विभाग हरकत में आया । बुधवार की दोपहर सिचाई विभाग के अधिकारियों ने मुलाना में मारकंडा नदी के तटबंधों का दौरा किया। इस दौरान समाज सेवा संघर्ष समिति के सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे। समिति सदस्यों ने सिचाई विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त हुए तटबंधों को दिखाया। इस मौके पर सिचाई विभाग के जेई आशीष सैनी ने कहा कि मामला उन के संज्ञान में आ चुका है। उन्होंने आज मारकंडा नदी पर बनी मुलाना पटरी व झाडूमाजरा पटरी को बारीकी से जांचा है। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# कुरुक्षेत्र में 25 लाख का 4.64 क्विंटल चूरापोस्त बरामद

## एक आरोपी को पुलिस ने किया काबू



पुलिस टीम के साथ गिफ्तार नशा तस्कर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशा तस्करों पर बड़ी करवाई करते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोप में एक आरोपी अंग्रेज सिंह उर्फ गेजा पुत्र दलीप सिंह वासी गुमथालागढू जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 25 लाख रुपए कीमत का 4 क्विंटल 64 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 12 जून को एन्टी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल, उप निरीक्षक जगपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुशील, धर्मबीर, सिपाही संजीव कुमार, एसपीओ सुरेन्द्र कुमार व गाडी चालक मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार की टीम अपराध की तलाश में थर्ड गेट कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय पर मौजूद थी। सूचना पर पुलिस टीम ने मिजार्पुर के पास रेलवे फाटक पर नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को किरमच की तरफ से कैंटर आता हुआ दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम ने रोककर ड्राइवर सीट पर बैठे व्यक्ति को काबू करके उससे नामपता पूछने पर उसने अपना नाम अंग्रेज सिंह उर्फ गेजा पुत्र दलीप सिंह वासी गुमथालागढू जिला कुरुक्षेत्र बताया। राजपत्रित अधिकारी के सामने कैंटर की तलाशी लेने पर कैंटर से 23 कट्टो में भरा हुआ 4 क्विंटल 64 किलोग्राम डोडा/ चूरापोस्त बरामद हुआ जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपये है।

- कैंटर में भरकर कहीं ठिकाने पर लेकर जा रहा था

# लू व भीषण गर्मी की तपिश का नहीं थम रहा कहर, तापमान पहुंचा 46 डिग्री पार

## मौसम में आए दिन हीटवेव का प्रकोप बढ़ने से लोग हुए हलकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले एक महीने से भीषण गर्मी की तपिश व लू का प्रकोप बढ़ने से लोग हलकान हो गए हैं। आलम यह है कि भीष्ण गर्मी के साथ लू का कहर बढ़ने से दोपहर बारह बजे से शाम तीन बजे तक सड़कों, पार्कों व बाजारों में कर्फ्यू जैसे हालात हो गए हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, किसानों की मानें तो भीष्ण गर्मी की तपिश से उनकी गन्ना, टमाटर, शिमला मिर्च व चारा की फसलें भी प्रभावित होने लगी हैं।

- सड़कों पर दोपहर के समय वाहनों की आवाजाही हुई कम

### गर्मी की तपिश से कामधंधे हुए प्रभावित

पिछले कई दिन से जिले में हीटवेव का प्रोकप जारी रहने और मौसम में गर्मी की तपिश के साथ उमस बनने से लोगों के कामधंधे प्रभावित हो चले हैं। गर्मी के कारण लोग जहां अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं, वहीं, फैक्ट्रियों व खेत खलियान में मजदूर भी नदारद दिखाई दे रहे हैं। ज्यादा असर खेती पर पड़ रहा है। किसान जगमाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, सतीश व रोशन लाल आदि ने बताया कि पिछले करीब एक महीने से गर्मी की तपिश ने कहर बरपा रखा है। वह फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उनकी फसलें भी सूखने लगी हैं।

हीटवेव के प्रकोप के चलते दोपहर के समय जिले में कर्फ्यू जैसे हालात होने लगे हैं। लोग ना तो पार्कों में दिखाई दे रहे हैं और ना ही बाजारों में ग्राहकों की रौनक दिखाई दे रही है। आलम यह है कि दोपहर के समय सड़कों पर भी वाहन चालकों की संख्या नाम मात्र ही दिखाई दे रही है। जिले में बुधवार को को भीष्ण गर्मी की वजह से तापमान बढ़कर अधिकतम 46 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



यमुनानगर में बुधवार को दोपहर के वक्त सड़कों पर इक्का दुक्का ही गुजरते हुए वाहन चालक।

### गर्मी के कारण बाजारों में रौनक गायब



गर्मी के चलते पिहोवा के बाजारों में पसरा सन्नाटा व इनसेट में डॉ. राजेंद्र मंगला।

**पिहोवा।** इन दिनों भीषण गर्मी के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण बाजारों में भी रौनक कम हो गई है। सुबह सूरज निकलते ही गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर देती है। भयंकर गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। तापमान भी दिन प्रतिदिन ही बढ़ रहा है। अत्यधिक गर्मी के कारण सड़कों पर चलना भी दुभर हो गया है। जरूरी कार्य के लिए घरों से निकलने वाले लोग मूहं ढांप कर या छाता लेकर चलते दिखाई देते है। दोपहर के समय शहर के बाजारों व गलियों में सन्नाटा पसरा रहता है। गृहणी सरोज रानी, अनीता देवी, मधु रानी, व सुमन ने बताया कि गर्मी के दिनों में महिलाओं के लिए गैस के आगे घंटों भर खड़े होकर परिवार के लिए खाना बनाना किसी चुनौती से कम नहीं ।

### लू से बच्चों का पूरी तरह करें बचावः डॉ. मंगला

प्रमुख चिकित्सक डॉ. राजेंद्र मंगला ने बताया कि इस भीषण गर्मी के बीच बच्चों को भरी गर्मी में घर से बाहर न निकलने दें। इसके साथ ही चाहे वृद्ध हो या जवान हर किसी को बाहर निकलते समय सिर ढकना जरूरी है और अपने साथ पानी की बोतल रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फास्ट फूड व जंक फूड का उपयोग बिलकुल न करें। इस भीषण गर्मी में तली हुई व तेज मसालेदार चीजों के खाने से सेहत को नुकसान पहुंच सकता है।

# अब आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में मिलेगी बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की सुविधा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयुर्वेदिक अस्पताल में अब आधुनिक एम्बुलेंस भी मरीज के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी। यह जानकारी देते हुए श्री कृष्ण आयुष यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो डॉ करतार धीमान ने बताया कि लंबे समय से मांग थी कि आयुष आयुर्वैदिक हॉस्पिटल में मरीज को लाने ले जाने के लिए आधुनिक एम्बुलेंस होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में मरीज को किसी दूसरे बड़े अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। लोगों की इसी मांग को मध्यनजर रखते हुए हरियाणा सरकार से बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस के लिए रिपोर्ट भेजी गई थी। हरियाणा सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर कुरुक्षेत्र आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस भेज दी है। अब यह एंबुलेंस आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में रहेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा इस एंबुलेंस के लिए 35 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

# आरा मशीन के बाहर रखी लकड़ियों में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



धनौरा रोड़ पर टंगैल गांव के पास आरा मशीन के बाहर रखी लकड़ियों की फट्टियों में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई । हवा के कारण आग तेजी से फैलनी शुरू हो गई ।लोगों ने फोन कर आरा मशीन के मालिक नीरज सेठी को सूचित किया गया । आस पास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बेकाबू होकर ऊंची लपटों के साथ तेजी से फैलने लगी । सूचना फायर बिग्रेड को दी गई । मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आकर करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। जानकारी अनुसार आग पर काबू पाने के लिए दो फायर बिग्रेड की गाड़ियां लग गई । आग इतनी भयानक थी कि आग की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़े पेड़ तक जल गए । आरा मशीन के बाहर पड़ी कई क्विंटल लकड़ियां भी जलकर राख हो गई । इससे आरा मशीन मालिक नीरज सेठी को हजारों रुपयों का नुक्सान हुआ है।

फायर बिग्रेड के समय पर आने से आग को आरा मशीन के अंदर फैलने से रोक लिया गया । अन्यथा बहुत बड़ी घटना घटित हो जाती । आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# रेलवे लाइन पर मरम्मत कार्य के चलते गेट नंबर 59 को बंद रखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत-गोहाना-रोहतक रोड पर बुधवार को रेलवे लाइन पर रेलवे की ओर से मरम्मत कार्य करवाया गया, इसके चलते फाटक यानि गेट नंबर 59 को बंद रखा गया। हालांकि इसके विकल्प तौर पर रेलवे की ओर से गेट नंबर 55, 56 और 60 को खुला रखा जाएगा, ताकि पानीपत से रोहतक की ओर आवगमन करने वाले दूसरे रास्तों का इस्तेमाल कर सकें। रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर रामेश्वर सिंह ने बताया कि रेलवे की ओर से इस रास्ते पर आने वाले रेलवे लाइन पर ओवर हॉलिंग व सड़क रिपेयर का काम करवाया गया है। जबकि इस रेलवे ट्रैक पर रोहतक-पानीपत व जींद की ओर से आने-जाने वाली ट्रेनों का आवागमन निर्धारित समय पर ही हुआ।

- गेट नंबर 55, 56 और 60 को खुला रखा जाएगा

## तीर्थाटन

### विधायकों ने अयोध्या धाम के लिए दो बसों को हरी झंडी देकर किया रवाना

# प्रदेश के लाखों श्रद्धालु धीरे-धीरे सरकार के खर्चे पर करेंगे देश के तीर्थ स्थलों के दर्शन

सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाई तमाम निशुल्क सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जरिए प्रदेश के लाखों श्रदद्धालु धीरे-धीरे निःशुल्क रूप से देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर से अब तक 6 एसी वोल्वो बसे प्रदेश सरकार की तरफ से रवाना की जा चुकी है और सैंकड़ों यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके है। इस अनोखी योजना से श्रद्घालुओं की आस्था को भी सम्मान मिल रहा है।विधायक हरविन्द्र कल्याण बुधवार को करनाल डॉ मंगलसैन ऑडोटोरियम के प्रागंण से सूचना जन सम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत दो ए सी वोल्वो बसों को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता ने वोल्वो बसों को करनाल से अयोध्या धाम तीर्थ यात्रा के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया।

विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि चुनावों से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल की ही पावन धारा पे मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा का आगाज किया था। इस योजना के तहत 1 लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों के वरिष्ठं नागरिकों को तीर्थो के निशुल्क दर्शन करवाएं जा रहे है। अ इस योजना से श्रद्घालुओं की आस्था का सम्मान किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मंच का संचालन एआईपीआरओ रघुबीर सिंह ने किया। मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता, संयुक्त निदेशक रणबीर सांगवान, परियोजना अधिकारी पवन आर्य, डीआईपीआरओ डॉ० नरेन्द्र सिंह, जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, भाजपा नेता अमृत लाल जोशी उपस्थित थे।




अयोध्या धाम के लिए बसों को हरी झंडी दिखते विधायक।

# वैज्ञानिक डॉ. कौशिक ने स्मार्ट एंड इकोनॉमिकल फार्मिंग की रचना कर बनाया चौथा विश्व रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र करनाल में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ विजय कौशिक ने चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उनको यह वर्ल्ड रिकॉर्ड स्मार्ट एंड इकोनॉमिकल फार्मिंग नामक पुस्तक की रचना के लिए मिला है जिसमें उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए 101 तरीक़े सुझाए है। इन सुझावों में फ़सल सुधार, कृषि उत्पाद की मार्केटिंग, सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ आदि को विस्तार से समझाया गया है। डॉ कौशिक ने यह पुस्तक 2023 में तैयार की थी। पुस्तक की सॉफ्ट कॉपी के आधार पर इंफ्ल्यूएंसर बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने डॉ कौशिक को वर्ल्ड रिकॉर्ड से नवाजा है। पुस्तक अभी पब्लिश होनी है। उनका पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड 2021 में भारत रत्न अवार्डीज़ पर प्रथम काव्य संग्रह लिख कर अपना नाम वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, लंदन में नाम दर्ज कराया, दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड सामाजिक कुरीतियों, रीति रिवाजों एवम् त्यौहारों पर प्रथम काव्य संग्रह लिखकर हॉर्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन तथा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड कृषि आधारित 31 खाद्यान्न, दलहन, तिलहन तथा चारा फसलों पर काव्य संग्रह तैयार कर ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, यूनाइटेड अरब अमीरात प्राप्त किया।

डॉ कौशिक ने अब तक कुल 23 साल की सेवाएँ दे चुके है, जिसमें हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग में 7 साल, अर्थ एवम् सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग में 11 साल 6 महीने तथा हरियाणा कृषि विवि हिसार में अब तक साढ़े चार साल की सेवाएं दी है। डॉ कौशिक अब तक कुल 6 पुस्तकें लिख चुके हैं।



**खबर संक्षेप**

## ट्रक की टक्कर लगने से महिला की मौत

**यमुनानगर।** सहारनपुर रोड स्थित ट्रक अड्डे के पास देर शाम ट्रक की टक्कर लगने से सड़क पार कर रही महिला की मौत हो गई। तीर्थ नगर निवासी संतु कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका सहारनपुर रोड पर पश्चिमी यमुना नहर के पास ढ़ाबा है। वह रात साढ़े आठ बजे ट्रक अड्डे पर किसी काम से गया था। वह वहां पर किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहा था। तभी एक महिला सड़क पार करने लगी। इस दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने उस महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क पर गिर गई। ट्रक के टायर महिला की टांगों के ऊपर से गुजर गए। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की पहचान नेपाल निवासी 50 वर्षीय फूल कुमारी देवी के रूप में हुई। वह खजूरी में किराए के मकान में रह रही थी। वह उसे एंबुलेंस से अस्पताल में लेकर गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन 14 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 14 जून को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा परिवहन व महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री असीम गोयल नन्यौला करेंगे। मौके पर वह बैठक में रखे गए परिवादों को निपटारा करेंगे। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन 14 जून को दोपहर बाद 3 बजे जिला सचिवालय के सभागार कमरा नंबर 203 में किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के परिवहन व महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री असीम गोयल नन्यौला करेंगे। वहीं, हरियाणा परिवहन मंत्री असीम गोयल लोगों की समस्याओं का निवारण भी करेंगे। उन्होंने सदस्यों व अधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय से पहले पहुंचने के लिए आहवान किया।

# प्रसिद्ध लेखक एवं शिक्षक ब्रहमदत्त शर्मा अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवा सम्मान-2024 से हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- यमुनानगर के प्रसिद्ध लेखक ब्रहमदत्त शर्मा को हिंदी साहित्य साधान में उत्कृष्ट लेखन करने के लिए मिला पुरस्कार
- पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी शिलांग( मेघालय) द्वारा भूटान में आयोजित किया सम्मान समारोह

पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी शिलांग (मेघालय) द्वारा गत दिवस भूटान में आयोजित पांच दिवसीय लेखक मिलन समारोह एवं साहित्यिक चर्चा सम्मान समारोह में यमुनानगर के प्रसिद्ध लेखक एवं शिक्षक ब्रह्मदत्त शर्मा को अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवा सम्मान-2024 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें साहित्य साधना में उत्कृष्ट लेखन करने के लिए दिया गया है। लेखक ब्रहमदत्त शर्मा को यह सम्मान को दिए जाने पर पूवार्त्तर हिंदी अकादमी के निदेशक अकेलाभाई और वरिष्ठ लेखिका एवं पूर्व कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर सुनीता सक्सेना के हाथों प्राप्त हुआ है।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-18 निवासी प्रसिद्ध लेखक एवं शिक्षक ब्रहमदत्त शर्मा वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाबनी कलां में एसएसएस मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि गत दिवस पूवार्त्तर हिन्दी अकादमी शिलांग (मेघालय) द्वारा गत दिनों भूटान में पांच दिवसीय लेखक मिलन समारोह और साहित्यिक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के अलग अलग राज्यों से करीब 130 लेखकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि विदेश की धरती पर उन्हें यह पुरस्कार मिलना यमुनानगर जिले के लिए बड़े गर्व और प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने बताया कि अकादमी द्वारा भूटान में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में विचार गोष्ठी, कविता वाचन समेत अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। इसके अलावा यह कार्यक्रम पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। लेखकों को भूटान की राजधानी थिंपू, सबसे महत्वपूर्ण नगर पारो और सीमावर्ती शहर फुटशोलिंग में रहने और नजदीक से देखने का अवसर मिला। उन्होंने भूटान देश के इतिहास, राजनीति, संस्कृति, परंपराओं, खान-पान और रीति रिवाजों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। इससे पहले भी ब्रहमदत्त शर्मा को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। ब्रहमदत्त शर्मा कहानीकार और उपन्यासकार हैं। शर्मा कहानी और उपन्यास संग्रह पर पांच किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं।



**यमुनानगर।** प्रसिद्ध लेखक एवं शिक्षक ब्रहमदत्त को भूटान में आयजित कार्यक्रम में पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए अकादमी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### अधिकतर समस्याओं पर गहरा मंथन करने के बाद हुआ निराकरण

# समाधान शिविर में उमड़ा जनसैलाब 117 नागरिकों ने रखी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए जिला सचिवालय के सभागार में बुधवार को समाधान शिविर के तीसरे दिन अपनी समस्याओं को बताने वालों का जनसैलाब सा उमड़ गया। समस्याओं के समाधान के लिए सभी अधिकारी करीब चार घंटे तक जन सुनवाई करते रहे। समाधान शिविर में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए। डीसी ने बताया कि जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हर रोज जिला सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सरकार के निर्देशानुसार जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी सुबह 9 बजे से 11 बजे तक शिविर में मौजूद रहकर लोगों की शिकायतें दूर कर रहे हैं। शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित समस्याएं सुनी गई। जिस पर उपायुक्त ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करवाया। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उनको एक भी समस्या के लिए अधिकारियों के पास बार-बार न आना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर गंभीरता के साथ जनता की समस्याओं को सुनें व उनका हर संभव समाधान करें।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान समस्याएं सुनते उपायुक्त।

### नगर आयुक्त आयुष सिन्हा ने निसार अहमद की कमर्शियल जमीन को जांच के बाद किया रिहायश शिकायतकर्ता ने जताया आभार

समाधान शिविर में निसार अहमद अपनी जमीन के लाल डोरे सम्बंधी शिकायत लेकर पंहुचे। उनकी शिकायत थी कि उनका गांव खेड़ी रागरान नगर निगम के तहत आता है। नगर निगम में उनकी जमीन 190 गज कमर्शियल में दिखाई गई थी और नगर निगम द्वारा उसका टैक्स वसूला जा रहा था। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर आयुक्त आयुष सिन्हा ने शिकायतकर्ता की बात को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी से जांच करवाई और तुरंत उनकी 190 गज जमीन को कमर्शियल की जगह रिहायशी में बदलवा दिया। इस कार्य के लिए उन्होंने जिला प्रशासन व सरकार का आभार प्रकट किया।

मौके पर एसपी गंगाराम पूनिया, एडीसी आयुष सिन्हा, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नीलम मेहरा, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



**यमुनानगर।** गांव टोपराकलां व्यायामशाला में योगाभ्यास करते प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- सोशल मीडिया लाइव प्रोटोकॉल कार्यक्रम में लोग जुड़ रहे ऑनलाइन

आयुष योग सहायक दीपक बडोला ने कहा कि दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारिया जोरों पर चल रही हैं। इसी कड़ी को निरंतर रखते हुए आयुष योग सहायक मधु शर्मा द्वारा आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के निर्देशनुसार जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर पवन कुमार की देख रेख एवं जिला योग समन्वयक डॉक्टर सुनील कम्बोज के सहयोग से बुधवार को व्यायमशाला टोपरा कलां में योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण कक्षा का आयोजन किया गया। यह पूरा कार्यक्रम हरियाणा योग आयोग के फेस बुक पेज पर लाइव दिखाया गया जिसमें हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉक्टर जयदीप आर्य फेस बुक के माध्यम से जुड़े रहे। पूरे कार्यकर्म को फेसबुक के माध्यम से हजारों लोगों ने देखा और अपने कमैंट्स किये। इस कार्यक्रम में लगभग 125 योग साधकों ने योग करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। योग कक्षा को निर्बाध रूप से चलाने में आयुष योग सहायक दीपक बडोला व पिंटू सोनी ने अपना सहयोग दिया। डॉ.सुनील कांबोज ने बताया कि जिला यमुना नगर की चार योगशाला बकाना, टोपराकलां, बेगमपुर, नगवा जागीर व्यायमशाला का चयन हरियाणा योग आयोग द्वारा यह विशेष कक्षाएं चलाने के लिए किया गया था। जिनमें दो दिनों तक प्रत्येक योगशाला में एक एक सत्र सुबह और शाम का चलना था। इन सोशल मीडिया ऑनलाइन सत्र आयुष योग सहायक नीरू मित्तल, अमित शर्मा, सोनी, पिंटू, जय कुमार, मोहन व हरप्रीत कौर ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिसकी तारीफ हरियाणा योग आयोग के द्वारा भी की गई है।

# नरेंद्र मोदी के तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर मनाया जश्न

- बुधवार को यमुनानगर निगम के वार्ड नंबर 15 के लोगों ने लड्डू बांटकर जताई खुशी
- कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में शामिल हुए निर्वतमान मेयर मदन चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार इस अहम पद की शपथ लेने पर लोगों द्वारा मनाए जा रहे जश्न का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी यमुनानगर के वार्ड नंबर 15 में लोगों ने कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार फिर से देश का प्रधान सेवक बनने पर लड्डू बांटकर खुशी जताई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में निर्वतमान मेयर मदन चौहान ने भाग लिया।



**यमुनानगर।** वार्ड नंबर 15 में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाते हुए निर्वतमान मेयर मदन चौहान। फोटो : हरिभूमि

### मोदी ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया

मुख्यातिथि एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास पथ पर सदा आगे बढ़ता रहेगा। मदन चौहान ने सभी को बधाई व धन्यवाद देते हुए कहा आप सभी के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। पिछले दस साल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। हम सभी देशवासियों के लिए खुशी की बात है कि ईमानदारी सूझबूझ रखने वाले नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। आज पूरा देश नरेंद्र मोदी को प्यार करता है। देश की जनता यह बखूबी जानती है कि जब तक सत्ता ाागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है तब तक हमारा देश सुरक्षित है और विकास के पथ पर नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने प्रदेश को दो बार मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल के भी कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद भी किया।

# चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर चुराया नकदी समेत लाखों रुपये का सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

जिले में चोरों ने ज्यूलर्स समेत तीन दुकानों के ताले तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी सुमित अरोड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के अड्डे पर ही ज्यूलर्स की दुकान है। वह दुकान बंद कर किसी काम से बाहर गया था। कुछ देर बाद वापस आया तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से 10 हजार रुपये तथा सोने के आभूषण गायब मिले। जिनकी कीमत करीब एक लाख 30 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जडौदा गेट जगाधरी निवासी गुलजीत सिंह ने बताया कि उसकी घर के पास ही बर्तनों की दुकान है। चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर 10 कुकर, कड़ाई, भगोने चार सेट, दो डिब्बे गैस लाइटर, फ्राइबीन पांच सेट व अन्य सामान चोरी कर लिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

वहीं, चोरों ने गांव उर्जनी निवासी धर्मसिंह की दुकान का ताला तोड़कर चार ट्रक के रिम, सात जैक व दो ट्रक की बैंटरियां चोरी कर ली।

# मामा ने की भांजे व भांजी के साथ मारपीट तारों से बांधकर बंधक बनाने का आरोप

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहार की चौधरी कॉलोनी में एक व्यक्ति पर अपने आठ वर्षीय भांजे तथा 10 वर्षीय भांजी के साथ मारपीट करने तथा उन्हें तारों से बांधकर घर में बंधक बनाकर रखने का आरोप लगा है। पुलिस ने दोनों बच्चों को आरोपी के चंगुल से मुक्त करवाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौधरी कॉलोनी निवासी मनीष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ई रिक्शा चलाने का कार्य करता है। उनके पड़ोस में दर्शन सिंह रहता है। दर्शन की पत्नी अपने मायके गई हुई है। उसकी बहन 420 के मामले में जेल में बंद है। करीब पांच दिन पहले उसने देखा कि दर्शन अपने आठ वर्षीय भांजे ललित तथा भांजी डिंपल को तारों से बांधकर उन्हें मार रहा था। आरोपी ने दोनों बच्चों को रस्सी से बांधकर घर में बंधक बनाकर रखा। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए उसने इस बारे पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों बच्चों को मुक्त करवाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 323, 342 व 75 जेजे एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बाल मजदूरी देश में है बहुत बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- रादौर में मनाया गया बालश्रम निषेध दिवस

रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को विश्व बालश्रम निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसएमओ डॉ.विजय परमार ने बताया कि 12 जून को पूरे विश्व में बाल मजदूरी के विरोध में मनाया जाता है। भारत देश में बाल मजदूरी बहुत बड़ी समस्या है। भारत में बाल मजदूरी की समस्या सदियों से चली आ रही है। कहने को भारत देश में बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है। फिर भी बच्चों से बाल मजदूरी कराई जाती है। डॉ.परमार ने कहा कि जो दिन बच्चों के पढ़ने, खेलने और कूदने के होते हैं, उन्हें बाल मजदूर बनना पड़ता है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। कहने को सरकारें बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए बड़े-बड़े वादे और घोषणाएं करती हैं, फिर भी होता सिर्फ ढाक के वही तीन पात हैं। इतनी जागरूकता के बाद भी भारत देश में बाल मजदूरी का खात्मा दूर-दूर तक नहीं दिखता है। इसके उल्ट बाल मजदूरी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। मौजूदा समय में गरीब बच्चे सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। जो गरीब बच्चियां होती हैं, उन्हें पढ़ने भेजने की जगह घर में ही बाल श्रम कराया जाता है। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी बच्चों के मानसिक, शारीरिक, आत्मिक, बौद्धिक एवं सामाजिक हितों को प्रभावित करती है। जो बच्चे बाल मजदूरी करते हैं, वो मानसिक रूप से अस्वस्थ रहते हैं और बाल मजदूरी उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास में बाधक होती है।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित छबील पर ठंडा जल पिलाते हुए रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में लगाई छबील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- रोटरी क्लब द्वारा लगाई गई छबील में राहगिरों को पिलाया मीठा ठंडा जल

रोटरी क्लब के तत्वावधान में रादौर के बस स्टैंड मार्ग पर गंगा दशहरा व निर्जला एकादशी के उपलक्ष में छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब के प्रधान निर्मल सिंह, क्लब की महिला विंग की पूजा माटिया व प्रोजेक्ट चेयरमैन कर्ण चानना की देखरेख में छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों राहगिरों को मीठा जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई।

रोटरी क्लब के प्रधान निर्मल सिंह, पूजा माटिया व कर्ण चानना ने बताया कि क्लब की ओर से मानवता की भलाई के लिए हर महीने अनेको प्रोजेक्टों पर कार्य किया जा रहा है। आगामी एक जुलाई को अन्नपूर्णा दिवस पर भी क्लब की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। वहीं मानसून आने के बाद क्लब की ओर से शहर में खाली पड़ी भूमि पर 500 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। जिन्हें क्लब के सदस्य संचित करने का काम करेंगे।

इस अवसर पर क्लब के संरक्षक पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, सलाहकार डॉ. एससी सैनी, एडवोकेट सुरेशपाल बंचल, डॉ. वंदना सांगवान, सुमन, शालिनी शर्मा, गीतिका जौहर, रानी सैनी, साक्षी परुथी, भीम सिंह राठी , भारत माटिया,मोहन लाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, सरदार हरजीत सिंह, ब्रह्मप्रकाश टंडन, कृष्ण आर्य, संदीप सैनी, राजीव आर्य सन्नी व दारी मनचंदा आदि मौजूद रहे।

### सिविल अस्पताल यमुनानगर में हुआ एनीमिया मुक्त भारत अभियान का आयोजन

# एनीमिया से निपटने के लिए जागरूकता का होना जरूरी

- विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को सिविल अस्पताल यमुनानगर में 100 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया। मौके पर महिलाओं व बच्चों की अनीमिया जांच कर उन्हें जागरूक भी किया गया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत, गहन आयरन प्लस पहल अभियान का उद्देश्य एनीमिया से निपटने के लिए समाज में जागरूकता लाना है तथा स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान कर एनीमिया को रोकना है। उन्होंने कहा कि एनीमिया के कारण अन्य कई बीमारियों का संचार भी व्यक्ति में हो जाता है। एनीमिया से ग्रस्त मरीज सामान्य जीवन यापन में भी सहज नहीं होता बल्कि उसे विभिन्न प्रकार के संक्रमण जल्द प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को एनीमिया की जांच अवश्य करानी चाहिये तथा यदि किसी में एनीमिया के लक्ष्ण हो तो उसका समय से उपचार कराना चाहिए। मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिव्या मंगला ने कहा कि एनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या या ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता पर्याप्त नहीं होती है। उन्होंने बताया कि एनीमिया के लक्षण इसकी गम्भीरता के अनुसार भिन्न-भिन्न होते हैं जैसे थकान, कमजोरी, चक्कर, अनिद्रा व बच्चे के विकास में कमी आदि। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत अस्पताल में एनीमिया से ग्रस्त लोगों की पहचान, पूर्ण जांच व स्वास्थ्य सलाह के साथ-साथ उचित उपचार भी किया जाएगा।



**यमुनानगर।** सिविल अस्पताल में आयोजित एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत निरीक्षण करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### प्रो. मुकेश बने इलेक्ट्रानिक साईंस के विभागाध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग के प्रोफेसर मुकेश कुमार को 22 जून से आगामी तीन वर्षो के लिए इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इसके साथ ही प्रोफेसर मुकेश कुमार एकेडमिक काउंसिल व फैकल्टी ऑफ साइंसेज के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे।

### मातृ शक्ति को कराया योग अभ्यास

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा बुधवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ज्योति नगर की महिला योग इकाई को योग प्रशिक्षण शिविर में योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के परामर्श दाता डॉ. चक्रपाणि आर्य, पीआरओ मनोज, योग भारती के जिला सचिव जगतार सिंह एवं पीजी स्कॉलर मौजूद रहे। योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य को बरकरार रखने के लिए आसनों के साथ-साथ प्राणायाम का अभ्यास बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### कुवि में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा। समिति के मीडिया प्रभारी तरूण वधवा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता हैं। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नही आती। रक्तदान करने से शरीर को लाभ मिलता हैं साथ ही किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती हैं।

### नशा रोको अभियान के तहत निकाला रोड मार्च

**कुरुक्षेत्र।** समाज में बढ़ रहे नशे को रोकने, दलदल में फसती युवा पीढ़ी को जागरूक करने व समाज के विभिन्न लोगों को जागरूक करने के लिए एक नशा रोको अभियान के तहत छोटे-छोटे बच्चों की ओर से नशे को रोकने के लिए रोड मार्च निकाला गया। अभियान के संयोजक नितिन बठला तथा समाज के प्रमुख लोग व छोटे-छोटे बच्चों सहित एक रोड मार्च मोहन नगर व आस पास की बस्तियों में निकाला गया। छोटे-छोटे वच्चो की ओर से नशा रोकने के स्लोगन की तख्तियों को लेकर रोड मार्च मोहन नगर, लायलपुर बस्ती व आस पास की कई कालोनियों में अभियान चलाया गया।

## भारतीय योग संस्थान ने विद्या भारती के साधकों को करवाई क्रियाएं

# शुद्धि क्रियाओं से स्वास्थ्य वृद्धि एवं रोग निवृत्ति का होता लाभ : सुरेश

200 प्रशिक्षणार्थियों को हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत 3 जून से प्रतिदिन योगाभ्यास प्रशिक्षण दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती के प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर में शारीरिक यौगिक शुद्धि क्रियाएं करवाते भारतीय योग संस्थान के अधिकारी गण व भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में शारीरिक यौगिक शुद्धि क्रिया कुंजल करते विद्या भारती हरियाणा के प्रशिक्षणार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

xविद्या भारती हरियाणा द्वारा गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, सलारपुर रोड़ में शिक्षकों के लिए आयोजित प्रांतीय पुनश्चर्या एवं विकास वर्ग के लगभग 200 प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिला इकाई के तत्वावधान में 3 जून से प्रतिदिन योगाभ्यास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता एवं ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्रशिक्षणार्थियों को महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के बारे में सटीक दृष्टांतों सहित विस्तार से बताया। संस्थान के प्रवीण योग शिक्षकों मिथिलेश चौधरी, चौधरी मांगेराम, सोमा भट्ट, मनीराम सैनी, सीमा सांगवान, जगवीर सांगवान, उषा शर्मा, नीरज, देवी दयाल सैनी, जितेंद्र तलवार, राजेश भट्ट इत्यादि द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया जा रहा है जिसमें विभिन्न सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया जाता है। सूर्य नमस्कार, शव आसन व हास्य आसन का अभ्यास भी करवाया जा रहा है। करवाई जा रही प्रत्येक क्रिया के निषेध, सावधानियां, सही विधि व लाभ भी शिक्षकों द्वारा विस्तार से बताए जाते हैं। इसी श्रृंखला में आज साधकों को शारीरिक शुद्धि क्रियाएं करवाई गई। इन यौगिक शारीरिक शुद्धि क्रियाओं में कुंजल अथवा गजकरणी, रबड़ नेति, सूत्र नेति, जल नेति व चक्षु प्रक्षालन का अभ्यास करवाया गया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा ने उपस्थित साधकों को यौगिक शुद्धि क्रियाओं के लाभ, सावधानियों व सही विधि के बारे में बताया। उन्होंने रबड़ नेति व जल नेति का प्रदर्शन करके भी दिखाया। यौगिक शुद्धि क्रियाओं के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इनसे तीन प्रकार के लाभ मिलते हैं - देह शुद्धि, स्वास्थ्य वृद्धि एवं रोग निवृत्ति। प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्रत्येक प्रकार की शुद्धि क्रिया से होने वाले विशिष्ट लाभों के बारे में बताते हुए उन निषेधों के बारे में भी बताया जो कि एक साधक को शुद्धि क्रियाएं करते हुए ध्यान में रखनी चाहिएं। अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी द्वारा शुद्धि क्रियाओं के लिए आवश्यक योग सामग्री उपलब्ध करवाई गई। कृष्ण जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने कुंजल क्रिया का प्रदर्शन किया। उपरोक्त सभी अधिकारियों के अतिरिक्त उषा शर्मा व राजेश भट्ट ने भी साधकों को शुद्धि क्रियाएं करवाने में सहयोग दिया। विद्या भारती की ओर से ललित शर्मा, शेशपाल सिंह व सोमनाथ शर्मा सहित कई अन्य अधिकारियों द्वारा शुद्धि क्रियाओं के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे।

## उदयन केयर सेंटर में लगाया हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर



- शिविर उदयन केयर सेंटर, सेक्टर 7 में लगाया गया
- 13 उदयन घर के बच्चों व 10 स्टाफ मेंबर्स ने अपना टीकाकरण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

यूएसएफ कुरुक्षेत्र की चैप्टर संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में एलएनजेपी सिविल अस्पताल, कुरुक्षेत्र की जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. मनीषा सिंह के आदेश से अनीमिया मुक्त हरियाणा रणनीति के तहत एक सफल टीकाकरण और हीमोग्लोबिन (एचबी) परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर उदयन केयर सेंटर सेक्टर 7 में लगाया गया और इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखी गई। यूपीएचसी मोहन नगर से एमपीएचडब्ल्यू मीना और आशा कार्यकर्ता नीलम की एक समर्पित टीम शिविर का संचालन करने के लिए उदयन केयरकेंद्र पहुंची। एपीसी पूजा, एपीसी कनिका और आईटीवीटी ट्रेनर गीतांजलि ने शिविर के अयोजन और इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर की शुरूआत उदयन घर के बच्चों के टीकाकरण और एचबी परीक्षण के साथ हुई, जिसमे सभी बच्चों में हीमोग्लोबिन का उचित स्तर का पाया गया। इसके पश्चात शालिनियो ने अपना चेक-अप कराया। 15वे से 18वे बैच के कुल 30 शालिनियों, कंप्यूटर प्रशिक्षणअर्थी 13 उदयन घर के बच्चों, व 10 स्टाफ मेंबर्स ने अपना टीकाकरण करवाया और उनके एचबी स्तर के परीक्षण में 3 शालिनियो को एनीमिया के रूप में चिह्नित किया गया। मीना ने इन शालिनियों को आयरन की खुराक प्रदान की और उन्हें स्वस्थ आहार के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. सुषमा शर्मा ने मीना से टीका लगवाते समय सावधानियां और विचार बताने का अनुरोध किया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि शालिनी को टीकाकरण प्रक्रिया के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हो। इसके बाद उदयन केयर कुरुक्षेत्र के सभी स्टाफ सदस्यों ने अपना एचबी टेस्ट करवाया।

## डॉ. आरएस घुम्मन को चेंज मेकर अवार्ड 2023-24 से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन को पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर एसोसिएशन इंडिया (पाई ) के द्वारा उनके 40 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चेंज मेकर अवार्ड 2023-24 से विभूषित किया गया। यह पुरस्कार पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर एसोशियेसन इंडिया (पाई) के चेयरमैन डा. हर्षवर्धन सिंह द्वारा अमेटी यूनिवर्सिटी मोहाली मे प्रदान किया गया जहां डॉ रघबीर सिंह घुम्मन वशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ. आरएस घुम्मन शिक्षाविद होने के साथ साथ शहर की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और देश का भविष्य तैयार करने के साथ साथ समाज सेवा में अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. घुम्मन द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं समाज में अनूठा स्थान रखती हैं। क्योंकि यहां पर अनुशासन , शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संयम देखने को मिलता है। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र सिंह रिटायर्ड डी जी पी पंजाब, डॉ (मेजर) विशाल शर्मा सचिव हिमाचल प्रदेश एजुकेशन बोर्ड धर्मशाला, डॉ दीवेन्द्र चंडेल डिप्टी डायरेक्टर एलीमेंट्री एजुकेशन ऊना हिमाचल प्रदेश, डॉ हर्षवर्धन सिंह चेयरमैन ऑफ पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर एसोशियेसन इंडिया (पाई) व अन्य स्कूलों के प्रधानाचार्य, अमेठी यूनिवर्सिटी का स्टाफ और पाई संस्था के सदस्य मौजूद थे।

### आत्मा संतुलन के लिए योग जरूरी : गुजराल

**लाडवा।** आयुष विभाग कुरुक्षेत्र से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सुदेश जाटियान के मार्गदर्शन में लाडवा के जिंदल पार्क में तीन दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। इस योग शिविर में उपमंडल लाडवा के सभी राजकीय विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। योग साधक कमल किशोर एवं उनकी टीम ने आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले योग दिवस के लिए योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग का प्रशिक्षण कराया। समापन समारोह में बोलते हुए शिक्षा विभाग से खंड संसाधन संयोजक रामकरण गुजराल ने कहा कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने के लिए इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। आयुष विभाग लाडवा से डॉक्टर महेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि योग से हम अपनी प्राण और आभा को शुद्ध कर सकते हैं। यदि योग आसनों को निरंतर किया जाए तो हम अनेक बीमारियों से छुटकारा पाने में बहुत मदद मिलती है। योग हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। इस अवसर पर डॉक्टर महिंदर, नवीन गर्ग, बलविंदर कौर, योग शिक्षक कमल किशोर, प्रदीप, बलवान आदि रहे।

## असवा ने प्रोफेसर प्रीति जैन को कुवि विधि विभाग की चेयरपर्सन बनने पर दी बधाई

- प्रीति जैन को माता सावित्री बाई फुले एवं ज्योतिबा फूले का चित्र भेंट कर शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** प्रोफेसर प्रीति जैन को कुवि विधि विभाग की चेयरपर्सन बनने पर बधाई देती असवा के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल सिरसल व उनकी टीम। *फोटो : हरिभूमि*

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रोफेसर प्रीति जैन को विधि विभाग, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन बनने पर बधाई दी। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल सिरसल के नेतृत्व में प्रोफेसर प्रीति जैन को माता सावित्री बाई फुले एवं ज्योतिबा फूले का चित्र भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार जताया। असवा कुवि के चेयरमैन नरेंद्र कुमार ने असवा की तरफ से प्रोफेसर प्रीति जैन को विधि विभाग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी। एडवोकेट रमन साहु ने कहा कि प्रोफेसर प्रीति जैन कानूनी शिक्षा और अनुसंधान के प्रति अटूट समर्पण का प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक समुदाय की आधारशिला रही हैं। अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति विभाग के भीतर उनके असाधारण योगदान और नेतृत्व का प्रमाण है।

## बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार दें : ज्ञान मंगल

**लाडवा।** यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाडवा के द्वारा एक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन लाडवा की भरपूर कॉलोनी में स्थित यूथ स्पोर्ट्स अकैडमी लाडवा में किया गया। जिसमें अक्षरधाम मंदिर कुरुक्षेत्र से आए संत ज्ञान मंगल जी तथा आनंद प्रकाश जी ने सत्संग वर्षा की। उसके पश्चात संतो द्वारा हरि नाम का संकीर्तन किया गया। अक्षरधाम संस्था द्वारा निर्मित /"बाल जागृति अभियान/"शीर्षक के अंतर्गत एक लघु नाटिका को भी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। इस लघु नाटिका के माध्यम से अभिभावकों को यह समझाया गया कि अपने बच्चों को उनकी इच्छा के अनुरूप ही व्यवसाय या शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अक्षरधाम मंदिर कुरुक्षेत्र से आए संत ज्ञान मंगल में अपने प्रवचन में कहा कि यह माता-पिता का दायित्व है कि अपने बच्चों को बचपन में ही अच्छे संस्कार दें। इस अवसर पर संगठन के प्रधान विजय भूषण तनेजा, प्रेस प्रवक्ता मास्टर मुकेश शर्मा ,कोच एवं महासचिव चमन लाल,सरपंच बपदी राजेंद्र, राजवीर फौजी महुआ खेड़ी ,लक्ष्मण दास , मदन तिवारी ,अमरीक ढिढंसा, जितेंद्र चौधरी ,रामकुमार खाकट,जसपाल सिंह ,राजन कक्कड़, राम मित्तल, लव बरोट , संदीप बराहन, रमन कुमार ,सनी कुमार आदि मौजूद रहे।



**लाडवा।** उपस्थित यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्य व संत। *फोटो : हरिभूमि*

## देश की जनता ने भाजपा के 400 पार के नारे की निकाली हवा : शैलजा

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा का गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पैराकीट पिपली में पहुंचने पर शैलजा का स्वागत करते सुरेश यूनिसपुर व कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश की जनता ने भाजपा के 400 पार का नारा दिया था, लेकिन देश की जनता ने उसे पूरी तरह से नकार दिया। देश की जनता ने भाजपा को आईना दिखा दिया है कि झूठ और जुमले ज्यादा दिन नहीं चलते। लोकसभा चुनाव में जनता ने दिखा दिया है कि भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है। वे बुधवार को पैराकीट मोटल पिपली में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। पैराकीट मोटल पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुरेश यूनिसपुर व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा का गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्करज यूनियन के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल यूनियन का कैथल में प्रदर्शन 18 को

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्करज यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी की जिला स्तरीय बैठक पिपली स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक यादव ने की। संचालन जिला सचिव रामरतन शर्मा ने किया। राज्य चेयरमैन सत्यपाल वर्मा, राज्य उप कोषाध्यक्ष रामरतन शर्मा व जिला प्रधान अशोक यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार ने सेक्शन पोस्ट कर रखी है। खाली पदों पर परमोशन पर रोक लगा रखी है। एलटीसी का भुगतान नही हुआ। रोष स्वरूप सभी कर्मचारी 18 जून को जनस्वास्थ्य परिमंडल कैथल के कार्यालय पर प्रदर्शन करके प्रमुख अभियंता पंचकूला का पुतला दहन करेंगे। रोष प्रदर्शन में कुरुक्षेत्र के कर्मचारी भी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। कर्मचारी नेताओं ने चेताया कि यदि उनकी मांगों का समाधान बातचीत के माध्यम से नही हुआ तो सभी परिमंडलों पर प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया जाएगा तथा 4 जुलाई को यूनियन की प्रदेश स्तरीय बैठक रोहतक में आयोजित की जाएगी जिसमें आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

## यूनियन पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर जीएम से की बातचीत

- 2016 में लगे चालकों की एलटी सी जल्द ही बनाई जाएगी
- कर्मचारियों की सैलरी महीने की 10 तारीख तक डाल दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** रोडवेज महाप्रबंधक से बातचीत करते कर्मचारी नेता।

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी एवं पिहोवा सब डिपो कमेटी की महाप्रबंधक से मांग पत्र पर बातचीत हुई। मीटिंग में डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल, सब डिपो प्रधान विनोद शर्मा, डिपो सचिव रणजीत करोड़ा, कैशियर जितेंद्र शर्मा, उप प्रधान राजेश कुमार, कैशियर अमरजीत, उप प्रधान सोहनलाल, यशपाल सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। महाप्रबंधक से सौहार्दपूर्ण माहौल में वार्ता हुई महाप्रबंधक ने यूनियन द्वारा उठाई गई मांगों को जायज बताया और सभी मांगों को माना कुछ मांगों को महाप्रबंधक ने आज ही पूरा कर दिया। बाकी बचे हुए कर्मचारियों के काम जैसे एलटीसी, टीए, ओवर टाइम सभी बकाया मेडिकल बिल 30 जून तक दे दिए जाएंगे। 2016 में लगे चालको की एलटी सी जल्द ही बनाई जाएगी। एचकेआरएन के कर्मचारियों की सैलरी महीने की 10 तारीख तक डाल दी जाएगी जो निगम से 15 तारीख तक उनके खाते में पहुंच जाएगी तथा उनका टीए और अवर टाइम जल्द ही बनाया जाएगा।

### उपायुक्त ने शिविर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## शिविर में 30 से अधिक शिकायतों का किया समाधान

- समाधान शिविर में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, राशन कार्ड से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में समस्याओं का निवारण करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला और उपमंडल स्तर पर हर कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर आमजन की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। उपायुक्त शांतनु शर्मा बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान कर रहे थे तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि बुधवार को समाधान शिविर में 30 से ज्यादा शिकायते प्राप्त हुई, इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया है और शेष शिकायतों के निपटान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि समाधान शिविर में आई हुई शिकायतों को तय समय सीमा के अंदर निपटान करें, इस विषय में किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायते, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान शिविर में उपायुक्त ने आए हुए व्यक्तियों को कहा कि आप खुद भी अपडेट रहे तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में संबंधित विभागों से पूरी जानकारी ले ताकि आपको उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आमजन इन समाधान शिविरों में अपनी किसी भी प्रकार की प्रशासन से संबंधित समस्या को लेकर आ सकता है। उपायुक्त ने क्रिड की डीएम मेनका बूरा को कहा कि फैमिली आईडी से संबंधित सभी आप्रेटर व सीएससी वालों को पूरी जानकारी होनी चाहिए। फैमिली आईडी से संबंधित किसी को कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारी को कहा कि प्रोपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करें तथा पोर्टल से संबंधित जानकारी आम व्यक्ति को भी पूरी तरह से दें। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार यह समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है, इन शिविरों को लगाने का उदेश्य है कि आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो जाए, क्योंकि सभी अधिकारी एक साथ उपस्थित रहते है और समस्या का समाधान पल भर में हो जाता है। इस मौके पर एडीसी डा. वैशाली शर्मा, नगराधीश रमन गुप्ता, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### आरोपी को किया काबू सामान बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ सागर को गिरफ्तार किया है। सेक्टर सी कलरहेड़ी रोड के रहने वाले बिंद्र सिंह ने 11 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने कलरेहड़ी पर स्थित उसके बाछल टेंट हाउस से 20 टेबल चोरी कर लिए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी नीतेश कुमार व अभिषेक को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अग्रवाल धर्मशाला के पास रहने वाले उमेश कुमार ने 27 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पुराना आलू गोदाम अंबाला छावनी के पास मोटरसाइकिल सवार लड़के ने उसकी बहन का पर्स छीन लिया है जिसमें नकदी तथा अन्य सामान था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### सड़क दुर्घटना के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी सात्विक को शामिल जांच कर रिहा करर दिया है। एकता विहार के आर्यन ने 17 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गोबिंद नगर चौक के पास आरोपी मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही व तेज गति से मोटरसाईकिल चलाते हुए उसके मोटरसाईकिल में टक्कर मारी जिससे वह घायल हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी जय सिंह व आरोपी महिला को मामले में शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 18 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 फरवरी 2023 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति करते आ रहे हैं।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी रामपाल को गिरफ्तार किया है। गांव नग्गल के बलबीर कुमार ने 12 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 मई 2024 को गांव नग्गल में आरोपी रामपाल व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### धमकी देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी रमेश कुमार उर्फ भीम व सुभाष चंद को गिरफ्तार किया है। गोला गांव के राम कुमार ने 21 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मई 2024 को गांव गोला में आरोपी रमेश कुमार उर्फ भीम व सुभाष चन्द तथा अन्य ने रास्ता रोक कर उससे व उसके पुत्र से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### कांग्रेस नेत्री चित्रा बोली, शिक्षा का बेड़ा गर्क करने पर तुली है प्रदेश की सरकार

## बसों में फ्री यात्रा के लिए हैप्पी कार्ड तो बना दिए लेकिन बसों की संख्या घटा दी

लोगों ने कांग्रेस नेत्री चित्रा के सामने पिछले साल टांगरी नदी में आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान की बात भी रखी साथ ही टांगरी नदी में किए गए अतिक्रमण की बात भी रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नुक्कड़ सभा के दौरान मंचासीन चित्रा सरवारा व अन्य।

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने बुधवार को कई गांवों में ग्रामीणों का धन्याद किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी वरूण चौधरी के पक्ष में किए गए मतदान को लेकर आभार भी जताया। उन्होंने गांव मंडौर,खतौली, बरनाला, गरनाला, धनकौर, पंजोखरा साहिब, टूंडली, बोह, बब्याल, रामपुर, सरसेहडी, ब्राह्मणमाजरा, करधान, नग्गल खोजकीपुर, नन्हेड़ा, रंगियामण्डी, बाड़ा, शिवालामंडी, साईं का बाग, सुंदर नगर, चंद्रपुरी कॉलोनी, मच्छौंडा, आनंद विहार, विद्यानगर, आजादनगर में भी लोगों से मुलाकात की। इस मौके इलाके में लोगों ने अपनी समस्याएं भी उनके सामने रखी। लोगों की समस्या सुन उनके समाधान के लिए लोगों की लड़ाई में उन्होंने साथ देने का वादा किया। इस मौके पर लोगों ने उनके सामने पिछले साल टांगरी नदी में आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान की बात भी रखी साथ ही टांगरी नदी में किए गए अतिक्रमण की बात भी रखी जिसके लिए उन्होंने उनकी इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी द्वारा अंतोदेय परिवारों के लिए हैप्पी कार्ड बनाए जाने पर भी तंज कसा।

चित्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव खत्म हो चुके है ओर लोक सभा चुनाव में अंबाला लोकसभा सीट से वरुण चौधरी की जीत होने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में काफी जोश दिखाई दे रहा है। कांग्रेस पार्टी व पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अभी से आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोग मोदी जी से और उनके झूमलों से दुखी थे। एक बदलाव के मूड में थे। उन्होंने कहा कि ये बदलाव इंडी गठबंधन के फेवर में आया है। परिवार परिवहन योजना पर कटाक्ष करते हुए चित्रा ने कहा कि अंतोदेय परिवार को हरियाणा रोडवेज की बसों में 1000 किलोमीटर फ्री बसों के लिए हैप्पी कार्ड बनाए जा रहे है जिसको कांग्रेसी सरवारा ने चुनावी स्टंट बताया। उन्होंने कहा की हरियाणा रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा के लिए हैप्पी कार्ड तो बना दिए लेकिन बसों की संख्या घटा दी। उन्होंने कहा की आने वाले चुनाव को लेकर ये सारी घोषणाएं की जा रही है।भाजपा शिक्षा का स्तर शून्य तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। प्रदेश में शिक्षा को एक व्यवसाय बनाकर छोड़ दिया गया है। जहां पर गरीबों के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश की जा रहा है। नई शिक्षा नीति लागू करने का कोई औचित्य नही रहेगा जब प्रदेश के कॉलेज प्रोफेसर की कमी से जूझ रहे हो। हालात ये है कि प्रदेश के 182 कॉलेज में प्रोफेसर के 7986 पदों में से 4618 पद रिक्त पड़े हो। सबसे ज्यादा अंग्रेजी के 625 और ज्योग्राफी के 500 पद खाली है। पहले धर्म और जाति के नाम पर समाज को तोड़ने वाली भाजपा अब समाज को शिक्षा के माध्यम से तोड़ने की साजिश कर रही है।



अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं क आभार जताते हुए पूर्व विधायक जसबीर मलौर।

## हारी हुई बाजी जीतने की कोशिश कर रही सरकार

- पूर्व विधायक मलौर बोले, विधानसभा चुनाव में दहाई का आकंड़ा भी नहीं छू पाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने अंबाला लोकसभा से कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि कांग्रेस की जीत कार्यकर्ताओं की कडी मेहनत का परिणाम है । जनता ने भाजपा को उनकी करनी की सजा दी है । मलौर ने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कभी भी राज्य में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज सकता है।

कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार रहें । उन्होंने दावा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा दहाई का अंक भी नहीं छू पाएगी । भाजपा सरकार ने पिछले साढे 9 साल में कुशासन के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं । महंगाई, बेरोजगारी , भ्रष्टाचार, अपराध में हरियाणा नबंर 1 बन चुका है । किसान, मजदूर , व्यापारी, खिलाड़ी व युवा सरकार की कुनीतियों के कारण सडकों पर धरना देने के लिए मजबूर है । भाजपा ने 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी करने का सपना दिखाया था लेकिन आमदनी दुगुनी करने की बजाय सरकार के अत्याचार झेल रहा है । मलौर ने कहा कि प्रदेश की जनता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है।

कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी के मार्ग दर्शन में कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें । उन्होंने अंबाला शहर से विधायक व मंत्री असीम गोयल पर हमला बोलते हुए कहा कि विधायक साढे 9 साल के कार्यकाल में एक भी प्रोजेक्ट नहीं पूरा कर पाए। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। विधायक केवल नारियल फोड़कर औपचारिक करने में माहिर है जबकि धरातल पर किसी काम को पूरा नहीं कर पाए।

## विदेश जाने के लिए केवल अधिकृत एजेंट से ही करें संपर्कः डीसी

- अनधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें।

डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार समय-समय पर इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि अनधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे कुछ मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रेवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं। उन्होंने बताया कि सरकार की और से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों की सूची जारी की हुई है।

## ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से जलीं फ्रूट की 5 रेहड़ियां

- आग लगने से रेहड़ी वालो का हुआ लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। आग लगने से जलती हुई फल की रेहड़ियां।



पीड़ति हसन अली।

महाराणा प्रताप चौक पर ट्रांसफार्मर से गिरी चिंगारी से भडक़ी आग ने साथ लगी फलों की 5 रेहडिय़ों व एक काउंटर को स्वाहा कर दिया। इस घटना में फल विक्रेताओं को काफी नुकसान हो गया है। महाराणा प्रताप चौक के पास आरिफ , हसन अली व राजेश पिछले काफी समय से यहां रेहडिय़ा लगाकर फल बेचने का काम कर रहे थे। सुबह लगभग साढ़े 7 बजे ट्रांसफार्मर में हुए शार्ट सर्किट से एक चिंगारी नीचे गिरी और पास खड़ी रेहड़ियों में अचानक आग चढ़ गई। रेहडिय़ों पर रखा माल जलकर राख हो गया । रेहड़ी मालिक आरिफ व हसन अली के अनुसार आग लगने से उनको 1 लाख रूपए के करीब फल व 80 हजार रूपए के करीब 5 रेहडिय़ा का नुकसान हुआ है। राजेश को काउंटर जलने से 30 हजार की क्षति हुई है। राहगीरों द्वारा आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। कुछ समय में ही दमकल की गाड़ी ने आकर आग बुझा दी लेकिन तब तक सब जलकर राख हो चुका था।

## रिहायशी भवन से दस तोला सोना चोरी

- 90 तोले चांदी पर भी किया हाथ साफ
- वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के नरेश विहार में भी शातिर चोर एएसआई व उसकी पत्नी के आगे दरवाजा बंद करके घर से 10 तोले सोने व 90 तोले चांदी व 50 हजार रुपए कैश लेकर फरार हो गए। वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरेश विहार के एएसआई बंत सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह 3 बजे उसकी पत्नी रानी देवी सोकर उठी तो देखा कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उसकी पत्नी दूसरे दरवाजे से बाहर निकली। देखा तो घर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर के स्टोर में रखे 10 तोले सोने के गहने, 90 तोले चांदी के गहने व 50 हजार कैश गायब मिला। जब उन्होंने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें 5-6 चोर चोरी करते हुए दिखाई दिए। कैमरे में शातिर चोर दीवार फांद घर में घुसते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विशेष लोक अदालत में होगा उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों का निपटान

- सुप्रीमकोर्ट की ओर से 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लोक अदालत का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सुप्रीमकोर्ट द्वारा आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्याय दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण प्रवीण ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस जो जिला से संबंधित पार्टियां हैं तथा विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने केस को निपटाना चाहती हैं तो वे 28 जुलाई से पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

स्पेशल लोक अदालत में इन मामलों को किया जाएगा। सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चेक बाउंस मामले (सेक्शन-138 एनआई एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले (मोटर दुर्घटना क्लेम), उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं अपराधिक), धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले, अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। प्रवीण ने बताया कि इस लोक अदालत में उन्हीं मामलों को शामिल किया जाएगा जो पहले से माननीय अदालत में विचाराधीन हैं।

## असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर पर धोखे से दूसरी शादी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ति करने का मामला सामने आया है। पति चंडीगढ़ में असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर है। पति पर आरोप है कि वह पहले से शादीशुदा था और पहली पत्नी से तलाक हो चुका था। आरोपी ने पीड़ता को धोखे में रखकर दूसरी शादी की है। जिसकी शिकायत पीड़ता ने महिला थाने की पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारायणगढ़ की रहने वाली विवाहिता ने बताया कि उसकी 18 फरवरी 2023 को उसकी शादी अजीत सिंह के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने 30 लाख रुपए खर्च किए थे। उसका पति चंडीगढ़ में शादी से पहले उसका पति शादीशुदा था और तलाक भी पहले हो रखा था। लेकिन यह बात शादी के समय पति ने नहीं बताई। धोखे से उसके साथ दूसरी शादी कराई गई। यही नहीं, आरोपी पति की उम्र भी 42 साल थी, लेकिन उसे 36 साल बताई गई। पीड़ता ने आरोप लगाया कि उसका पति काफी लालची किस्म का व्यक्ति है। उसने शादी से पहले से ही पैसों की मांग करनी शुरू कर दी थी। शादी की शॉपिंग के लिए आरोपी 2 लाख रुपए की डिमांड करने लगा था। शादी से कुछ समय पहले गाड़ी के लिए 10 लाख रुपए और सोने के कड़े की मांग करने लगा।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर, हर विभाग का कर्मचारी-अधिकारी होगा शामिल

**अंबाला।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। 21 जून को जिला स्तरीय और उपमंडल स्तर पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डीसी डॉ शालीन के नेतृत्व में पूरे जिले में तैयारियां चल रही है। 10 से 12 जून तक आयुष विभाग द्वारा विभिन्न ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें ब्लॉक स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट व इच्छुक जनसाधारण की तीन दिवसीय ट्रेंनिग दी गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया गया कि 13 से 15 जून तक प्रातः 6.00 से 07.30 बजे तक जिला स्तर की योगा ट्रेनिग योग एवं व्यायामशाला, अंबाला छावनी में दी जाएगी। इसमें विभिन्न गणमान्य, अलग अलग विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, इच्छुक जनसाधारण शामिल हो सकेंगे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### लोग बोले, सरकार की बेहतरीन पहल, सरकारी कार्यालयों में नहीं खाने पड़ रहे धक्के

## समाधान शिविर में आई 36 शिकायतें, 31 का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। एडीसी के समक्ष अपनी समस्या रखता एक परिवादी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह की पहल पर शुरू हुआ समाधान शिविर आमजन के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। जिला उपायुक्त कार्यालय में स्थित उपायुक्त कोर्ट में बुधवार को समाधान शिविर लगाया गया। इसकी अगुवाई एडीसी अपराजिता ने की और लोगों की समस्याओं को सुना। इसके अतिरिक्त सभी उपमंडल कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाया गया। वहां सभी एसडीएम ने शिकायतों को सुना। शिविर में एडीसी अपराजिता के समक्ष 36 शिकायतें आई।

इनमें से 31 शिकायतों का निवारण मौके पर ही कर दिया गया जबकि 5 शिकायतों को संबंधित विभाग के समक्ष जल्द से जल्द निवारण के लिए भेज दिया गया। इन शिकायतों में 22 शिकायतें परिवार पहचान पत्र, 5 शिकायतें प्रोपर्टी आईडी और 9 शिकायतें पेंशन से जुड़ी थी। एडीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिलास्तर और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा की गई इस पहल का आमजन अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे से 11 बजे तक इस शिविर को लगाया जा रहा है।

कोई भी व्यक्ति विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को लेकर इस शिविर में आ सकता है और अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। शिविर में पहुंचे सुखविंद्र सिंह ने बताया कि वह अपनी धर्मपत्नी कुलविंद्र कौर की बुढ़ापा पेंशन के लिए आया था।

यहां पहुंचा तो एडीसी अपराजिता ने अच्छे से बात सुनी और फिर वहां मौजूद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को बोलकर मेरी पत्नी की पेंशन बनाने को लेकर निर्देश दिए। अधिकारियों ने तत्काल कागज लेकर इसे दूर किया और बुढ़ापा पेंशन की समस्या का समाधान किया। अब जल्द ही पेंशन बन जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह, एडीसी व अन्य अधिकारियों का धन्यवाद किया। शिविर में पहुंचे मनजीत सिंह ने बताया कि वह अपनी धर्मपत्नी के वोटर कार्ड में त्रूटि को ठीक करवाने के लिए आया था। यहां एडीसी अपराजिता ने समस्या को सुना और तत्काल निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को त्रूटि ठीक करने के निर्देश दिए। निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों ने कार्ड ठीक कर दिया है।

इस मौके पर सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, डीएसपी रजत गुलिया, डीआरओ योगेश कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।